मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 188, मुंबई, शुक्रवार, 2 सितंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

# मुंबई हलचल

अब हर सच होगा उजागर




# मुंबई में अंडरवर्ल्ड की वापसी

## इस बार दाऊद का सिर्फ नाम, पूरी जिम्मेदारी अनीस इब्राहिम के पास, आतंकियों को भेज रहे पैसा

## आतंकियों पर एनआईए का एक्शन



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके गुर्गों के खिलाफ इनाम घोषित किया है। दाऊद इब्राहिम के खिलाफ जांच एजेंसी ने 25 लाख रूपए के नगद इनाम की घोषणा की है। एनआईए की तरफ से ये जानकारी साझा की गई।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### सबसे ज्यादा कमाई ड्रग्स से

दाऊद गैंग एमडीएमए, एलएसडी और केटामाइन ड्रग्स की तस्करी कर रहा है। इसी से सबसे ज्यादा कमाई हो रही है। दो साल में एनसीबी और नारकोटिक्स सेल ने लगभग दो हजार करोड़ की ड्रग्स मुंबई और आसपास से बरामद की है। ड्रग्स की तस्करी में इस साल 4 अगस्त को जुबैर वैद मेमन और 4 फरवरी को अबू बकर अब्दुल गफूर शेख को पकड़ा गया था। पिछले साल भी 3 लोग अरेस्ट किए गए थे।




### दाऊद इब्राहिम और उसके गुर्गों पर इनाम की घोषणा

### दाऊद इब्राहिम के खिलाफ एक नया केस दर्ज

एनआईए ने जानकारी दी है कि दाऊद और उसका गैंग अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा, अल कायदा और जैश ए मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यही वजह है कि सरकार इनकी गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाना चाहती है। गौरतलब है कि एनआईए ने फरवरी में दाऊद इब्राहिम के खिलाफ एक नया केस दर्ज किया था, जिसमें बताया गया था कि दाऊद ने आतंकी संगठनों के साथ मिलकर एक स्पेशल यूनिट भारत में तैयार की है, जो राजनेताओं और बड़े उद्योगपति पर हमला कर सकते हैं।

### गुर्गों से बातचीत के लिए खास ऐप

आरिफ और शब्बीर की गिरफ्तारी के बाद एनआईए को सबूत मिले हैं कि छोटा शकील और दाऊद अपने गुर्गों से खास तरह के ऐप से बातचीत करते हैं। इनमें न्यूमेरो, बोटिम, वाइबर और टैंगो शामिल हैं। यूपी एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि न्यूमेरो एप्लिकेशन के लिए इंटरनेशनल सिम खरीदनी पड़ती है। डी गैंग के गुर्गे सिम खरीदने के लिए यूनिवर्सल क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं। ये अलग-अलग नामों से लिए जाते हैं। इसलिए नंबरों और लोगों को ट्रेस करना मुश्किल होता है।



# मुंबई पुलिस ने 88 लाख रुपये का गुटखा जब्त किया

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने उपनगरीय क्षेत्र गोरेगांव में बुधवार को 88 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा जब्त किया और इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस जब्ती का सामूहिक मूल्य एक करोड़ रुपये हैं, जिसमें गुटखा खेप की ढुलाई में इस्तेमाल वाहन की लागत (किराया) भी शामिल है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# राज ठाकरे के थप्पड़बाज नेता की दबंगई!

## महिला से की अभद्रता, थप्पड़ भी जड़ा, पुलिस ने हिरासत में लिया



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के मुंबा देवी इलाके में ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारि की महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मुंबई का मुंबा देवी परिसर वैसे तो वहां की मशहूर मुंबादेवी देवी के लिए मशहूर है लेकिन उसी इलाके में एक बुजुर्ग महिला के साथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारियों ने मारपीट और गाली गलौज की। महिला का नाम प्रकाश देवी है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# विकास दर की खुशी

भारत में आर्थिक विकास की गति उत्साहजनक और प्रशंसनीय है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 13.5 फीसदी की गति से बढ़ा है। जो अर्थशास्त्री भारत और भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास जता रहे थे, उन्हें इससे जरूर बल मिलेगा। अब एक तरह से यह तय हो गया है कि इस वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर कम से कम दो अंकों में तो जरूर रहेगी। अनेक एजेंसियों ने पहली तिमाही में करीब 13 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया था। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी रिपोर्ट में 15.7 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। एक अनुमान और देख लीजिए, अगस्त की शुरूआत में भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा था कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर लगभग 16.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। ऐसे बेहतरीन अनुमान यदि साकार नहीं हुए हैं, तो इसकी वजहों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। अनेक देशों में मंदी को लेकर चिंता है, यहां तक कि चीन में भी अप्रैल-जून 2022 में 0.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे में, भारतीय विकास की गति बहुतों को आश्चर्य में डाल सकती है, लेकिन यह सच है कि कोरोना से लंबे समय तक आहत रहा देश इस वित्त वर्ष में बुनियादी तेजी पकड़ने की ओर अग्रसर है। निश्चित रूप से हमारी विकास ज्यादा होती, अगर वैश्विक मंदी की आशंकाएं हमें घेर न रही होतीं और अगर पिछले दिनों कर्ज लेना कुछ महंगा न हुआ होता। फिर भी 13.5 प्रतिशत की विकास दर पर संशय जताने वालों को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत तुलनात्मक रूप से ज्यादा युवा और विकास की ज्यादा संभावनाओं वाला देश है। हां, यह जरूर कहा जा सकता है कि हमारा विकास हमारी क्षमता व जरूरत के अनुरूप अभी भी नहीं हो रहा। अभी भी जो विकास हो रहा है, उसमें निजी क्षेत्र की भूमिका सबसे ज्यादा है। गत अप्रैल-जून में निजी निवेश एक साल पहले की तुलना में 20.1 प्रतिशत बढ़ा है,जबकि सरकारी खर्च में 1.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए ज्यादा पारदर्शिता, सरलता, निवेश की जरूरत है। फिर भी हम कह सकते हैं कि देश ने आपदा या मुश्किलों में भी अवसर तलाशने शुरू कर दिए हैं। एक चिंता या सवाल यह जरूर है कि जिसे कोर सेक्टर कहा जाता है, वहां सुस्ती लग रही है। कोर सेक्टर में आउटपुट या उत्पादन ज्यादा गति नहीं पकड़ पा रहा है। कोर सेक्टर में विकास दर 4.5 फीसदी रही है। विकास की यह दर छह महीने में सबसे कम है। कोर सेक्टर की विकास दर में लगभग हर महीने उतार-चढ़ाव आना भी कोई अच्छी बात नहीं है। कोर सेक्टर मतलब कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली पर सरकार को ज्यादा ध्यान देना पड़ेगा। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि इन उत्पादों के मामले में विदेश पर हमारी निर्भरता ज्यादा न बढ़े। आखिर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट क्यों आ रही है? सरकार का घाटा क्यों बढ़ रहा है? 13.5 प्रतिशत की तिमाही विकास दर खुशी का अवसर भले हो, लेकिन हमें अभिभूत नहीं होना चाहिए। बहुत सी कमियां हैं, उन्हें जल्दी दूर करना होगा। विकास में तेजी जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि हर किसी तक उसका लाभ पहुंचे।

# भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंध!

**अब जबकि पाकिस्तान की आर्थिक हालत बहुत खस्ता है और वहां के सियासतदान भारत से व्यापार के रास्ते फिर से खोलने को इच्छुक हैं। ऐसी स्थिति में क्रिकेट संबंधों से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। भारत तो बस यही चाहता है कि पाकिस्तान सरहद पार से मौत के सौदागर मत भेजे, खून खराबे से बाज आए और बंदूकों के बल पर मौसम बदलने का ख्वाब मत देखे।**



**भारत** और पाकिस्तान के बीच पिछले कई वर्षों से संबंध काफी कड़वाहट भरे चल रहे हैं। बातचीत की कोई संभावना नजर नहीं आ रही। भारत सरकार का स्पष्ट स्टैंड है कि आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। यह भी सत्य है कि भारत-पाकिस्तान क्रिकेट कूटनीति के चलते पूर्व में संबंधों की बर्फ भी कई बार पिघली है लेकिन पाकिस्तान ने हमें लगातार जख्म दिए हैं जिससे भारत सरकार को कड़ा स्टैंड लेना पड़ा है। 2012 के बाद से दोनों देशों के बीच एक भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली गई है। हालांकि दोनों देशों के बीच आईसीसी के बड़े टूनामेंटों में मुकाबले देखने को मिल जाते हैं। दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंध पाकिस्तान की सियासत के चलते खराब हुए। दोनों देशों की आवाम क्रिकेट की दीवानी है। जब भी भारत और पाकिस्तान क्रिकेट में आमने-सामने होते हैं तो उसका एक अलग ही रोमांच होता है। भारत-पाक क्रिकेट मैच को एक खेल की तरह नहीं बल्कि राजनीतिक रूप से भी देखा जाता है। दोनों देशों की प्रतिद्वंद्विता क्रिकेट के मैदान से बाहर भी नजर आती है।ऐसा ही रोमांच रविवार को दुबई में एशिया कप के तहत खेले गए भारत-पाक मैच में देखने को मिला। रोमांचक मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से शिकस्त दी। दोनों देशों के मैचों के दौरान कभी इतना तनाव पैदा हो जाता था कि अप्रिय घटनाएं भी सामने आ जाती थीं। क्रिकेट और खेल की भावना को मैं समझता हूं क्योंकि मेरे पिता स्वर्गीय अश्विनी कुमार क्रिकेट के प्रति काफी आसक्त थे और इसी प्रेम ने उन्हें बेहतरीन क्रिकेटर बना दिया था। उन्होंने रणजी ट्राफी से दिलीप, इरानी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में भी खेला इसलिए क्रिकेट से मेरा लगाव स्वाभाविक है। भारत-पाक संबंध खराब होने के बावजूद दोनों देशों में क्रिकेट कूटनीति चलती रही है और पाकिस्तान के तानाशाह हुक्मरान जिया उल हक (जिया जालंधरी) से लेकर परवेज मुशर्रफ तक क्रिकेट कूटनीति के चश्मदीद रहे हैं। क्रिकेट विशेषज्ञ बताते हैं कि 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध चल रहा था उन दिनों इंग्लैंड में विश्वकप क्रिकेट भी चल रहा था। तब माना जा रहा था कि भारत और पाकिस्तान का मैच रद्द करना पड़ेगा क्योंकि दोनों देशों की जंग के बीच खेलना आसान नहीं था। इसके बावजूद भारत और पाकिस्तान में क्रिकेट मैच हुआ और भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों ने स्टेडियम में दोनों टीमों का जोरदार स्वागत किया।भारत-पाकिस्तान मैचों को देखने के लिए पाकिस्तान के लोग भारत आते रहे हैं और भारतीय पाकिस्तान जाते रहे हैं। यह बात जग जाहिर है कि भारत और पाकिस्तान की आवाम के बीच संबंध बने हुए हैं लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरान ने हर वक्त आवाम में दूरियां पैदा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने हमें बहुत से जख्म दिए। मुंबई के बम धमाकों, 26/11 का मुंबई हमला। लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर भारत की संसद पर हमला। उड़ी में भारतीय जवानों पर हमला और यहां तक कि जम्मू के रघुनाथ मंदिर से लेकर गुजरात के अक्षरधाम मंदिर तक निर्दोषों का खून बहाया गया। पिछले दिनों पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और दिग्गज गेंदबाज वकार यूनुस ने एक बड़ा बयान दिया था कि दोनों देशों में कम से कम साल में एक सीरीज तो खेली ही जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि जब भारत और पाकिस्तान खेलते हैं तो इससे बेहतर क्रिकेट हो ही नहीं सकता। अब सवाल यह है कि क्या भारत-पाक को क्रिकेट संबंध बहाल कर देने चाहिए। क्रिकेट एक वैश्विक खेल है जिसमें विभिन्न नस्लों, रंगों, धर्मों, जातियों के लोग एक ही लक्ष्य के लिए खेलते हैं। सभी अंतर्राष्ट्रीय खेलों की तरह यह मतभेदों को भूलकर सहअस्तित्व की भावना बढ़ाने के मूल्यों को अपनाता है। खेल भावना भीड़ तक के लिए मायने रखती है। क्रिकेट के नियमों में भावना का सम्मान करने का भी नियम है। भारत-पाकिस्तान के मैचों को छद्म युद्ध की तरह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्रिकेट खेल है और क्रिकेट टीम उसके खिलाड़ी। भले ही एक देश का प्रतिनिधित्व करते हो लेकिन वे युद्ध का प्रतीक नहीं है। हमें वह दिन भी याद है जब पाकिस्तान के हुक्मरान परवेज मुशर्रफ ने धोनी को अपने लंबे बाल नहीं कटवाने की सलाह दी थी। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेटर एक-दूसरे के गले मिलते थे। विद्वेश झगड़े या क्रोध का नामोनिशान नहीं था।यद्यपि भारत सरकार का यह स्टैंड कि 'हम ऐसे देश के साथ कैसे खेल सकते हैं जो हमारे देश में आतंकी भेजता हो' मेरी अपनी मान्यता है कि जब तक रिश्ते खूबसूरत नहीं होते तब तक पाकिस्तान से कोई बात नहीं होनी चाहिए। पाकिस्तान आज भी कश्मीर में आतंकवाद को प्रोत्साहित कर रहा है। पूर्व की सरकारों में ऐसा होता रहा है कि पाक प्रायोजित आतंकवाद के बावजूद भारत और पाकिस्तान के नेताओं की मुलाकातें होती रही हैं। भारत ने रिश्तों की पाकीजगी को हमेशा समझा है तभी तो अटल बिहारी वाजपेयी बस लेकर पाकिस्तान गए थे। भारत और पाकिस्तान ने लाहौर घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर भी किए थे लेकिन परवेज मुशर्रफ ने कारगिल में घुसपैठ का षड्यंत्र रच डाला था। तब भारत ने महसूस किया कि ऐसी मुलाकातों का क्या फायदा।

सुबह भी आते रहिए, शाम भी आते रहिए।
दिल मिले या न मिले, हाथ मिलाते रहिए।।

अब जबकि पाकिस्तान की आर्थिक हालत बहुत खस्ता है और वहां के सियासतदान भारत से व्यापार के रास्ते फिर से खोलने को इच्छुक हैं। ऐसी स्थिति में क्रिकेट संबंधों से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। भारत तो बस यही चाहता है कि पाकिस्तान सरहद पार से मौत के सौदागर मत भेजे, खून खराबे से बाज आए और बंदूकों के बल पर मौसम बदलने का ख्वाब मत देखे। जहां तक मिलने का सवाल है जब भी मिलेंगे हम तुम्हारा हाल जरूर पूछ लेंगे। क्रिकेट कूटनीति का साधन हो सकता है विकल्प नहीं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# आगामी मनपा चुनाव को देखते हुए सत्ताधारी पार्टी द्वारा मुंब्रा शहर में ट्रैफिक की समस्या को लेकर किया गया पदयात्रा दौरा

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** वर्षों से मुंब्रा शहर के लिए सरदर्द बना ट्रैफिक समस्या का हल खोजने के लिए सत्ताधारी पार्टी द्वारा मुंब्रा शहर का दौरा किया गया हालांकि इस दौरे का नेतृत्व ठाणे मनपा परिवहन सदस्य वह एनसीपी के कलवा मुंब्रा के विधानसभा अध्यक्ष शमीम खान द्वारा किया गया इस अवसर पर उनके साथ उपस्थित आरटीओ विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री दिलीप पाटिल मुंब्रा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त सागर सालुंके कार्यकारी अभियंता धनंजय गोसावी मुंब्रा पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक गुनाह के बाबासाहेब निकम दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त श्री फारुख शेख और अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी की उपस्थिति में यह दौरा किया गया इस दौरे की शुरूआत रेतीबंदर परिसर से लेकर शिलफाटा परिसर तक की गई इस दौरे के अंदर मुंब्रा प्रभाग समिति के कार्यकारी अभियंता धनंजय गोसावी और आरटीओ विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री दिलीप पाटिल से विचार विमर्श किया गया श्री दिलीप पाटिल की ओर से मुंब्रा स्टेशन पर अवैध रिक्शा पार्किंग पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया और



गोसावी साहब ने कहा मुंब्रा स्टेशन पर खड़े रिक्शा वालों को रिक्शा पार्किंग करने की जगह बनाकर देने की बात कही गई और पदयात्रा करते हुए एम गेट का मुंब्रा स्टेशन परिसर पर जिस तरह की रिक्शा पार्किंग के दौरान ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न की जाती है उस पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई धनाजी गोसावी ने कहा कि रास्ते पर जो भी अवैध तरीके से गैराज,सर्विस सेंटर चल रहे हैं और जिनकी छोटी जगह होने के बाद रास्ते को घेर लेते हैं उन पर कार्रवाई करने की बात की गई फिलहाल 3 दिनों का समय सीमा देकर छोड़ दिया गया परिवहन सदस्य शमीम खान ने बस स्टॉप को बेहतर बनाकर देने की बात की गई है जिस पर शेड लगाए जाएंगे ताकि धूप और बारिश से लोगों को राहत मिल सके और बैठने की जगह को बड़ा बनाया जाएगा ताकि सुकून से लोग बस स्टॉप पर बैठ सके ये आश्वासन दिया गया आरटीओ विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री दिलीप पाटिल ने मुंब्रा शहर में भारी मात्रा में चल रही अवैध तरीके से रिक्शा पर कानूनी कार्रवाई करने का सड़क पर अवैध तरीक से खड़ी की गई दोपहिया और चार पहिया वाहन गाड़ी पर कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया और जो भी स्क्रैप गाड़ियां रास्ते पर खड़ी है उनके लिए जगह की मांग की गई है और मुंब्रा प्रभाग समिति के कार्यकारी अभियंता धनंजय गोसावी ने उनको जगह की व्यवस्था करके देने का वादा किया है ताकि जो भी गाड़ियां पर कार्रवाई की जाएगी स्क्रैप गाड़ी उनको वहां पर रखा जाएगा शिलफाटा परिसर पर बस स्टॉप बनाकर देने की मांग पूर्व नगरसेवक 33 के कमरुल हुदा द्वारा की गई है टोरेंट पावर लिमिटेड के कार्यालय से गुजरते समय रास्ते में खड़ी बड़ी तादाद में दो पहिया वाहन भी ट्राफिक समस्या का कारण बताया परिवहन सदस्य शमीम खान ने कहां टोरेंट पावर लिमिटेड को पत्र व्यवहार कर सड़क पर लाइट बिल भरने आए ग्राहक को दो पहिया वाहन की व्यवस्था करके देने की मांग की जाएगी ताकि ट्रैफिक की समस्या का समाधान निकल सके गौरतलब बात तो यह है जिस प्रकार का दौरा सत्ताधारी पार्टी के शमीम खान द्वारा किया गया शहर में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि आने वाले आगामी मनपा चुनाव को देखते हुए जनता के बीच में नजर आने का अच्छा विकल्प निकाला गया है जनता यह जानना चाहती है कि आखिर 15 सालों से ट्रैफिक की समस्या का समाधान अब तक सत्ताधारी पार्टी द्वारा क्यों नहीं निकाला गया? सिर्फ चुनाव के वक्त ही सत्ताधारी पार्टी को जनता की समस्याओं का ध्यान क्यों आता है? क्या अब तक सत्ताधारी पार्टी को 15 सालों से राज करने के बाद भी यह समझ नहीं आया कि मुंब्रा शहर में ट्रैफिक की समस्या का मुख्य कारण क्या है।

# सोशल मीडिया के आरएनएन चैनल के चीफ एडिटर के साथ रिक्शा चालक द्वारा किया गया अभद्र व्यवहार

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** सोशल मीडिया के आरएनएन चैनल के चीफ एडिटर पर रिक्शा चालक द्वारा गाली गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में आरएनएन चैनल के चीफ एडिटर रिजवी ने बताया गत 31 अगस्त बुधवार रात 8:30 बजे मैं अपनी दो पहिया वाहन से रेतीबंदर की ओर जा रहे थे तभी बारिश के कारण मुंब्रा देवी रोड स्थित खड़ी अवैध रिक्शा पार्किंग की वजह से मेरी दोपहिया वाहन स्लिप हो गई फिर मैंने रिक्शा वाले से कहा कि आप गलत तरीके से पार्किंग किए हो उस वजह से मेरी गाड़ी स्किट हो गई उसके बाद रिक्शा वाले ने गाली गलौज शुरू कर दी मैंने उसको बताया कि मैं शहर का जागरूक नागरिक हूं और सोशल मीडिया



आरएनएन चैनल का चीफ एडिटर हूं फिर भी उसे रिक्शेवाले नहीं मेरे साथ में गाली गलौज की और जब मैं मोबाइल निकालकर रिक्शा वाले की वीडियो बनाने लगा तब उसने मेरा मोबाइल छीन लिया लेकिन वहां पर मौजूद मेरे परिचित लोगों ने उस रिक्शा वाले से मेरा मोबाइल लेकर मुझे वापस दे दिया फिर वहां से रिक्शावाला फरार हो गया जिसका मैं नंबर पूरी तरह से नोट नहीं कर पाया लेकिन उस रिक्शे का नंबर MH 04 9960 है फिर उसके बाद मैंने मुंब्रा पुलिस स्टेशन में उस रिक्शा वाले के विरुद्ध में शिकायत दर्ज कराई मुंब्रा पुलिस ने 504 और 506 का मामला दर्ज किया है और गत 1 सितंबर गुरुवार सवेरे हम लोगों ने आरटीओ कार्यालय के सामने नाकाबंदी करवाई और इस नाकाबंदी में आरटीओ विभाग द्वारा 10 रिक्शा जो कि बिना लाइसेंस के बिना पेपर के बिना परमिट के चल रही हैं उस पर कार्यवाही की गई मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्दी ही रिक्शा चालक को पकड़ा जाएगा।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई में अंडरवर्ल्ड की वापसी

एनआईए ने हाल ही में मोस्ट वांटेड आतंकी और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के बारे में जानकारी देने लिए 25 लाख रूपए का नकद इनाम रखा है। इसके अलावा डी गैंग से जुड़े दाऊद के अन्य गुर्गों पर भी इसी तरह के इनाम की घोषणा की गई है। जानकारी के मुताबिक दाऊद के दाहिना हाथ कहे जाने वाले छोटा शकील पर 20 लाख और दाऊद के भाई अनीस इब्राहिम पर 15 लाख रूपए का इनाम रखा गया है। इसके अलावा दाऊद के अन्य गुर्गे जावेद चिकना और 1993 मुंबई सीरियल बम धमाकों के गुनहगार टाइगर मेमन पर 15-15 लाख का इनाम एनआईए ने रखा है।एनआईए ने बताया है कि दाऊद और उसके गुर्गे लंबे समय से आतंकी गतिविधियों में शामिल हैं। इनमें हथियारों की तस्करी, ड्रग तस्करी, हवाला और टेरर फंडिंग जैसे अपराध शामिल हैं। दाऊद इब्राहिम को यूनाइटेड नेशंस ने ग्लोबल आतंकी भी घोषित किया हुआ है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को मुंबई में ड्रग्स और अवैध प्रॉपर्टी के जरिए टेरर फंडिंग के सबूत मिले हैं। इसके पीछे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का सिंडिकेट काम कर रहा है। आईएसआई की मदद से आतंक का नया मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है। एनआईए की खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, दाऊद गैंग के लोग पाकिस्तान के सपोर्ट वाले आतंकी संगठनों तक फंड पहुंचा रहे हैं। इस वजह से मुंबई, ठाणे और आसपास के इलाकों में फिरौती, सट्टेबाजी, बिल्डरों को धमकी और ड्रग्स का कारोबार बढ़ा है। ये काम दाऊद के नाम पर हो रहा है, लेकिन इसकी पूरी जिम्मेदारी उसके भाई अनीस के पास है। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश एटीएस, दिल्ली पुलिस, एनआईए और ईडी की टीम ने टेरर फंडिंग में शामिल लोगों को पकड़ा है। आरोपियों के डी कंपनी के विदेश में फैले नेटवर्क, दाऊद के भाई अनीस इब्राहिम, छोटा शकील और टाइगर मेमन के साथ रिश्ते हैं। अंडरवर्ल्ड के खिलाफ काम कर चुके महाराष्ट्र पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दाऊद गैंग दोबारा मुंबई और आसपास के इलाके को टारगेट कर रहा है। यहां से जमा फंड से यूपी-बिहार समेत उत्तर भारत के राज्यों में स्लीपर सेल को जिंदा किया जा रहा है।

### मुंबई पुलिस ने 88 लाख रुपये का गुटखा जब्त किया

अधिकारी ने बताया कि सिद्धप्पा उर्फ सिद्धू शिवज्योप्पा पुजारी (40) और सफान साहब मौला साहब शेख (33) ने कर्नाटक में अपने वाहन में गुटखा लादा था, जिसे मुंबई में विभिन्न स्थानों पर पहुंचाया जाना था। महाराष्ट्र में गुटखा के निर्माण, वितरण और बिक्री पर कानून के मुताबिक रोक है। पुलिस के अनुसार दोनों ही आरोपियों पर भादंसं और एफडीए कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### राज ठाकरे के थप्पड़बाज नेता की दबंगई!

प्रकाश देवी की मुंबा देवी इलाके में एक मेडिकल की दुकान है जिसके सामने एडवरटाइजिंग के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारी विनोद अरगिले और उनके साथियों द्वारा लकड़ी के खंभे लगाए जा रहे थे। ऐसा ही एक खंभा प्रकाश देवी के मेडिकल के सामने लगाया जा रहा था जिसका उन्होंने विरोध किया और बात हाथापाई तक पहुंच गई। वीडियो में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मुंबा देवी के ऊपर विभाग प्रमुख विनोद अरगिले पीड़ित महिला को थप्पड़ मारते हुए साफ नजर आ रहे हैं। विनोद का गुस्सा सिर्फ यही तक नहीं रुका उन्होंने महिला के साथ धक्का-मुक्की भी की। हालांकि वहां खड़े लोगों में से किसी ने भी बीच-बचाव नहीं किया और सब दर्शक बनकर देखते रहे। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया की विनोद अरगिले ने उनके साथ मारपीट तो की ही लेकिन उनके साथ जो लोग थे उन्होंने भी उनसे गाली गलौज की। पीड़ित महिला की गलती सिर्फ इतनी ही थी कि उन्होंने अपने दुकान से हटाकर खंबा लगाने की गुहार उन लोगों से की थी। इससे पहले बीजेपी का भी एक गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी सामने आया था। जिसमें नोएडा की ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में वह एक महिला के साथ गाली-गलौच करता है और उसे थप्पड़ मारता है। मामले के तूल पकड़ने के बाद मोबाइल की लोकेशन के आधार पर नोएडा पुलिस की 18 टीमें त्यागी को पूरे यूपी से उत्तराखंड तक पीछा करती रहीं। हालांकि पुलिस ने आखिर में श्रीकांत को मेरठ के श्रद्धापुरी कॉलोनी से गिरफ्तार किया था।

# 'अधिकरी 30 सितंबर तक बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का काम पूरा करें'

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का काम 30 सितंबर तक पूरा करने और प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति (हाई स्पीड) रेल कॉरिडोर नरेंद्र मोदी सरकार की एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना है जिसका मकसद देश की वित्तीय राजधानी और गुजरात के वाणिज्यिक केंद्र के बीच संपर्क में सुधार करना है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के नवंबर 2019 में कार्यभार संभालने के बाद करोड़ों रुपये की लागत वाली इस परियोजना में बाधा उत्पन्न हुई खासकर महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण के काम में रुकावट आई।

# सहायक जिलाधिकारी ने मांगो पर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया

## कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर अपर जिलाधिकारी, जव्हार को ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता/संगीता शाह**

**बोईसर।** आजकल आदिवासी समाज, किसान, बेरोजगार एवं सामान्य लोगो का मोदी सरकार व महाराष्ट्र की शिन्दे-फडणवीस सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण जीना मुश्किल हो गया है। मनमानी तरीके से जीवनावश्यक वस्तुओं पर जी.एस.टी. लगाने से मंहगाई अपने चरम पर पहुँच गयी है जिससे गरीब लोगो का जीना मुश्किल हो गया है और केंद्र की मोदी सरकार तथा राज्य की शिन्दे-फडणवीस सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। किसान भारी बरसात के कारण खेती करने में असमर्थ है, मजदूरो के हाथ को काम नही मिल रहा है तथा मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, मुस्लिम तथा अन्य पिछड़े वर्गों की अनदेखी की जा रही है जिसके परिणाम स्वरुप उन पर दिन प्रतिदिन अन्याय और अत्याचार बढ रहे हैं, सरकार द्वारा गरीबों को मिलने वाली खावटी योजना तथा विभिन्न प्रकार की अनुदान योजना मे कमी किये जाने से अथवा उन्हे बंद किए जाने से गरीब को भूखे मरने की नौबत आ चुकी है। सरकार केवल और केवल उद्योगपतियों के हित में ही काम कर रही हैं। काम-धंधा नहीं मिलने के कारण आदिवासी समाज अन्य गरीब पलायन करने के लिए मजबूर हैं और केंद्र तथा राज्य सरकार निश्चिंत होकर बैठी है। सरकार आदिवासी समाज को बहानेबाजी करके वन पट्टा देने में आनाकानी



कर रही है। डीजल, पेट्रोल तथा गैस की कीमतें बढ़ जाने से लोगों को अपना घर चलाना दूभर हो गया है। बरसात के कारण गरीबों को विशेषकर आदिवासी समाज को रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है और इसके कारण वह पलायन की ओर बढ़ रहे हैं। विभक्त राशन धारकों को राशन देने, किसानो की चावल खरीद मे हुए भ्रष्टाचार की जांच करने तथा किसानों का कर्ज माफ करने की मांग के साथ ही अनेक आरोप मंगलवार को पालघर जिला कांग्रेस द्वारा अपर जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्यालय जव्हार पर एक मोर्चा निकालकर कांग्रेस नेताओं ने अपने भाषणों मे लगाए। यह मोर्चा प्रान्त कार्यालय,जव्हार से सरकार विरोधी नारेबाजी के साथ शुरू हुआ तथा अप्पर जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्यालय जव्हार पर जाकर एक सभा मे परिवर्तित हो गया। इस मोर्चे को प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष पराग पस्टे, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अविश राऊत, प्रदेश सचिव योगेश नम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रफुल पाटिल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलवंत गावित, मधुकर चौधरी व मोईज शेख, जिला अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष आसिफ मेमन, वकील सेल के अध्यक्ष एड. सुधीर जैन, जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ किरकिरा,जिला महासचिव रामप्रकाश निराला, एड. मनोज दांडेकर, सचिन सिंगड़ा व प्रहलाद सावंत, जव्हार तालुका अध्यक्ष सम्पत पवार, पूर्व उपनगराध्यक्ष धनंजय खेडकर, सीमा फुपाणे, मोखाडा तालुका अध्यक्ष जमशेद लारा,तलासरी तालुका अध्यक्ष सुरेश काटे, वाड़ा तालुका अध्यक्ष दिलीप पाटिल, मनोर शहर अध्यक्ष रविश नाचन, फखरुद्दीन मुल्ला तथा युवा नेता राहुल गावित सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया।इस दौरान कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता, आदिवासी समाज व अन्य समाज के लोग उपस्थित थे।कांग्रेस नेताओं ने सहायक जिलाधिकारी आयुषी सिंह (आईएएस)को अपना मांग पत्र सौंपा जिस पर उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक विचार करके उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# जयपुर में श्री ओम सनातन धर्म ट्रस्ट द्वारा कौन बनेगा ज्ञानी क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराई गई

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**



**राजस्थान।** हनुमान चालीसा सामायिक पाठ के साथ कौन बनेगा ज्ञानी क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराई गई श्री ओम जय सनातन धर्म ट्रस्ट की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, बांसड़ी मुकंदपुरा रोड़ भांकरोटा जयपुर में संरक्षक अमरनाथ जी के संयुक्त तत्वाधान में एक ही संपूर्ण भारत वर्ष में श्री हनुमान चालीसा सामायिक पाठ प्रतिदिन सुबह 8:08 बजे एक ही समय अपने नाम से पढ़ें इसी अभियान के तहत हनुमान चालीसा वितरित की गई कार्यक्रम के दौरान कौन बनेगा ज्ञानी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मीडिया प्रभारी सुनील जैन ने बच्चों से राजस्थान पर्यटन स्थल के बारे में प्रश्न पूछे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हंसराज लाखीवाल (पत्रकार) ने विजेताओं को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेंद्र सूत्र कार हमें इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम कराने से नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है इस मौके पर देवेंद्र शास्त्री अध्यापक, आशा देवी चंद्र प्रभा, सीमा पालीवाल, अध्यापिका मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुनील कुमार जैन ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# लॉयड बिजनेस स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लैब की स्थापना की गई

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** लॉयड बिजनेस स्कूल में सेलेबल टेक्नोलॉजीज के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लैब की स्थापना की गई है। साथ ही पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एमओयू भी साइन किया गया है जिससे कॉलेज के छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार खुद को तैयार करने व विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने का मौका मिलेगा। सेंटर ऑफ एक्सीलैंस लैब का लॉयड ग्रुप के अध्यक्ष मनोहर थिरानी की अध्यक्षता व समूह निदेशक- सामरिक विकास अधिकारी डॉ वंदना अरोड़ा सेठी, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहायक महासचिव



नवीन सेठ, सचिव मयंक छतवाल व लॉयड सीआरसी प्रमुख दीपांशु गुप्ता की मौजूदगी में हुआ। डॉ वंदना अरोड़ा सेठी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लॉयड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस व पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बीच एमओयू होने से लॉयड ग्रुप के छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी। कंपनी टूर, कार्यशालाओं, वेबिनार, संगोष्ठी, इंटर्नशिप आदि के माध्यम से उन्हें अपने कैरियर निर्माण के अधिक अवसर मिलेंगे। नवीन सेठ ने कहा कि हम लॉयड गुप के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सेलेबल टेक्नोलॉजीज के अभिषेक गोयल, सॉल्यूशन सेल्स प्रिंसिपल सार्थक आचार्य, कैंपस रिक्रूटर टैलेंट एंगेजमेंट एंड ग्रोथ के प्रमुख नेहा सहगल ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से ग्रुप के छात्र-छात्राओं को नई-नई तकनीक को समझने में मदद मिलेगी और उन्हें देश ही नहीं विदेश में भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। लॉयड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के वरिष्ठ निदेशक डॉ राजीव अग्रवाल ने कहा कि लॉयड ग्रुप छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। डॉ. नीतू कामरा ने सभी का धन्यवाद किया। उक्त जानकारी क्षेत्रीय युवा कुलदीप कम्बोज ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# गोवंश बचाने के लिए स्वयंसेवक व समाज सेवी जनप्रतिनिधि भामाशाह आ रहे हैं आगे



**हितेश सोनी (रामाजी गुडा)**

**नीपल** में लम्पी स्किन बीमारी को देखते हुए उपसरपंच वेलाराम जणवा के सानिध्य में गौ सेवा समिति के गौभक्त, भामाशाह, समाज सेवी द्वारा गौवंश में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के आयुर्वेदिक लड्डू तैयार किए गए। जणवा ने बताया कि गौ सेवा समिति व गौ भक्तो द्वारा लम्पी से पिडित गौवंश कि दिन रात सेवा कि जा रही है। गायों को गावो में आयुर्वेदिक लड्डू व दवाईया खिलाया जा रहा है। समाज सेवी, भामाशाह, गौभक्तो जनप्रतिनिधियो के सहयोग से गौवंश को आयुर्वेदिक लड्डू दवाईयां खिलाई जा रही है। गौ सेवा समिति का महत्वपूर्ण सहयोग हो रहा है।

# सोनाली फोगाट के फार्म हाउस को हड़पना चाहता था सुधीर, चोरी करवाए कागजात

**भारतीय** जनता पार्टी की नेता सोनाली फोगाट की कथित हत्या मामले में एक औचौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, गोवा पुलिस की एक टीम बुधवार कोहरियाणा के हिसार जिले में जांच के लिए पहुंची.इस दौरान पुलिस ने परिजनों केबयान भी दर्ज किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाली की कथित हत्या पीछे की एक वजह उनका फार्म हाउस भी हो सकता है। गोवा पुलिस की जांच में पता चला है कि सोनाली के पीए सुधीर सांगवान ने उसके नाम से उसके फार्म हाउस के कागजात तैयार करवा लिए थे। पुलिस के मुताबिक सुधीर सोनाली के फार्म हाउस को 20 साल के लिए लीज पर लेना चाहता था।

## जन्मदिन विशेष

# आज साधना का जन्मदिन है, हम इस अवसर पर उन्हें याद करते हुए उनका एक संस्मरण प्रस्तुत कर रहे हैं...उन्होंने कहा था– पास आइए कि हम नहीं आयेंगे बार बार!

**हरिद्वार।** साधना को हिल स्टेशनों पर रहने वाली भीड़–भाड़ पसंद नहीं थी। लेकिन कश्मीर उन्हें हमेशा से पसंद रहा था जहां अपनी शूटिंग के सिलसिले में उनका कई बार जाना हुआ था। उनके पति को अस्थमा की तकलीफ के चलते वो पहाड़ों पर जाने से बचते थे। साधना ने डॉक्टर की सलाह पर कुछ दिन वहां जाकर रहने का मन बनाया। वैसे भी श्रीनगर की वादियों में तो अब जाकर रहना भावनात्मक रूप से बहुत ही मुश्किल था। वहां उन्होंने झील के मंजर और किरणों की जो बरसातें देखी थीं उनकी इनायतें और उनके करम किस तरह भुलाए जा सकते थे। और अब तो बेदर्दी बालमा का साथ भी नहीं था। साधना कुछ दिनों के लिए अज्ञातवास में लेह चली आईं। यहां अपने होटल से निकल कर सुबह खाली सड़क पर टहलते हुए चारों ओर बर्फ.से ढके पहाड़ों के बीच उगते सूरज की मंद उनाई का लुत्फ सहज ही उठाया जा सकता था। वे रोज सुबह इस सैर का अपरिमित आनंद लेती हुई घंटों बिताती थीं। तबीयत भी मानो इन वादियों में आते ही आप ही संवरने लगी। एक दिन रोज की तरह साधना सफेद फर का कोट पहने चली जा रही थीं कि एक मिलिट्री रंग की लंबी सी कार धीरे से आकर उनके करीब ही रुकी। उसमें से तीन – चार युवक उतर कर उनकी ओर बढ़े। एक पल को साधना जरा ठिठकी और फिर ठहर गईं। जवानों ने आकर उन्हें जोरदार सैल्यूट मारा और बताया कि उन्होंने उन्हें पहचान लिया है। वे सभी सेना के बड़े अफसर थे और उन्हें पता चल गया था कि वो कौन थी। अगले ही दिन छावनी एरिया में शाम को साधना का एक भव्य सम्मान समारोह और डिनर आयोजित किया गया। इस समारोह में पहले तो बड़े अफसरों द्वारा उन्हें उनके वजन के बराबर का एक गुलदस्ता भेंट किया गया, फिर सैनिकों ने खुद साधना के मुंह से उनके अनुभव सुने। कई युवाओं ने उनके ऑटोग्राफ लिए। कुछ सैनिकों ने उनकी फि ल्मों के गाने भी सुनाए। और बाद में सामूहिक डिनर हुआ। वर्षों पहले आकाशवाणी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'जयमाला' प्रसारित किया जाता था, जिसमें कोई फिल्मी हीरो या हीरोइन फौजी भाइयों के लिए अपने मनपसंद गाने सुनवाते थे। कार्यक्रम का नाम था मनचाहे गीत! कई साल पहले एक बार साधना ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सैनिक भाइयों को अपने मनपसंद गीत सुनवाए थे। एक सैनिक ने उस कार्यक्रम के अपने अनुभवों के संस्मरण सुनाते हुए बताया कि आज वो अपनी मनपसंद हीरोइन को प्रत्यक्ष देख रहे हैं, और आज उनके मनचाहे गीत उन्हें हम सुनाएंगे। ये कहते हुए उन्होंने सचमुच साधना की फरमाइश पर उनकी फिल्म का गीत 'अहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तो, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तो' गाकर सुनाया। खाने के बाद कुछ लोगों ने साधना के साथ फोटो लेने चाहे जिसके लिए साधना ने बहुत विनम्रता और विवशता से मना कर दिया। बाद में उनकी फिल्म 'मेरे मेहबूब' का शो भी वहां रखा गया, जिसमें कुछ देर साधना भी वहां रहीं। अगले दिन स्थानीय अखबार में ये खबर छप जाने के बाद साधना ने जल्दी ही वापसी का प्रोग्राम भी बना लिया। ये समाचार देश के कई अन्य पत्र– पत्रिकाओं में भी तरह – तरह से छपा। मुंबई के एक अखबार ने लिखा कि देश की सीमा पर सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए एक फि ल्म हीरोइन सैनिकों के बीच बर्फ.और खराब मौसम के बावजूद हजारों फीट की ऊंचाई पर पहुंचीं।



फहीम अहमद राज
मुंबई हलचल
(संवाददाता)

साधना ने इस समारोह के चित्र तो सैनिकों को नहीं लेने दिए फि र भी कुछ साल बाद आए एक बहुचर्चित उपन्यास 'अकाब' में ये घटना विस्तार से दर्ज.हो गई क्योंकि उपन्यास के राइटर को उसी होटल के कमरे में ठहरने पर वर्षों बाद एक रूमब्वॉय से इसका पूरा विवरण उपलब्ध हुआ, जो अपनी किशोरावस्था में छावनी में चाय ले जाने का कार्य करते हुए पूरी घटना का चश्मदीद गवाह बना था। साधना के लिए सेना के लगाव, या सेना के लिए साधना के लगाव का ये वाकया कोई पहला नहीं था। इससे पहले भी साधना की शादी वाले दिन पुणे के मिलिट्री इंस्टीट्यूट में जवानों द्वारा सामूहिक मदिरापान अखबारों की सुर्खियां बन कर चर्चा में आया था। कुछ लोग इन घटनाओं को इस बात से जोड़ कर भी देखते थे कि उन्नीस सौ पैंसठ में पाकिस्तान से युद्ध के समय सेना के लिए धन जुटाने की मुहिम में साधना ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। साधना लद्दाख से लौट कर फिर अपनी दिनचर्या में व्यस्त हो गईं। साधना सुबह जल्दी उठने की अभ्यस्त नहीं थीं। सुबह साढ़े नौ बजे के बाद उठने के बाद चाय पी कर अखबारों से फारिग होने के बाद वो तैयार होती थीं फिर कुछ देर टीवी के साथ बिता कर खाना खाती थीं। यदि लंच कहीं बाहर होता तो उससे निबट क्लब में ताश खेलने के लिए जाती थीं। शाम को जल्दी ही घर लौटना पसंद करती थीं। ये दिनचर्या कोई बहुत रचनात्मक नहीं थी, किन्तु वो कोई समाज सेविका नहीं, वरन हिंदी सिनेमा की चोटी से निवृत्त हुई मशहूर फिल्म एक्ट्रेस थीं।








दैनिक मुंबई हलचल

जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कानपुर में गोविंद नगर विधान सभा क्षेत्र की समस्याओं के खिलाफ संघर्ष में सफल विधायक सुरेन्द्र मैथानी

## पनकी स्थित कछुआ तालाब के सामने बहुप्रतीक्षित सड़क और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करने से क्षेत्रीय जनता गदगद

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** लगातार विकास कार्यों के रूप में जन समस्याएं हल करने में अव्वल चल रहे गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने आज यहां पनकी स्थित कछुआ तालाब के सामने वार्ड 53 सराय मीता के अंतर्गत मकान नंबर 99 बी शिव शंकर पाल के घर से परमानंद कुशवाहा के मकान नंबर 80 बी तक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ कर, पूजन अर्चन करके किया। इस निर्माण कार्य की लागत 11.68 लाख होने की जानकारी देते हुए जन समस्याएं हल करने के साथ ही विकास कार्य कराने के मामले में ऐतिहासिक रूप से अव्वल जुझारू तेवरों वाले विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि



यह सड़क काफी लंबे वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी हुई थी। अपने अबतक के जुझारू राजनीतिक कार्यकाल में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराने वाले पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित तेजतर्रार और व्यवहार कुशल विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि सड़कों के दोनों तरफ नाली के बन जाने से घरों के अंदर से निकलने वाला दूषित जल नालियों में मिलकर अपने रास्ते निकल जाएगा और भीषण जलभराव जैसी समस्या से भी निजात मिल जाएगी। जनसेवा के मामले में पूर्ण रूप से समर्पित तथा हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाली अपनी व्यवहार कुशलता के फलस्वरूप अपनी प्रगाढ़ लोकप्रियता के चलते हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाले कठोर परिश्रमी विधायक सुरेंद्र मैथानी ने यह भी भरोसा दिया कि,अन्य जो भी टूटी फूटी सड़कें पड़ी हैं उनको भी जल्द से जल्द बनवा कर जनता को समर्पित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद दीपक सिंह, पार्षद विनोद पाल, मंडल अध्यक्ष चन्द्रमणि चौबे, ललित उपाध्याय, अनिल निषाद, कुलदीप सेंगर, अभिनव दीक्षित, पवन सविता, किरन तिवारी, बबिता निगम, आशा देवी, प्रियंका सिंह आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# के. आसिफ चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवलः 'चंबल में आके तो देखो'

## चंबल में सिनेमा और पर्यटन को बढ़ावा देना मकसद, तीन सितंबर को होगा उद्घाटन समारोह

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़/ मुकेश शर्मा**

**राजस्थान।** महान फिल्म निर्देशक के.आसिफ की स्मृति में आयोजित होने वाले चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के छठे वर्ष की थीम 'सिनेमा और पर्यटन' रखा गया है। चंबल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से इस बार भी के. आसिफ चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल विश्व के फिल्मकारों और सिने-प्रेमियों के बीच एक सेतु बन रहा है। आगामी 3 और 4 सितंबर को एसडी फील्ड, इटावा स्थित पंचायती राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागार में सिनेमा का कुंभ लगने जा रहा है। रंगोली और पेंटिंग कंप्टीशन की ज्यूरी में इटावा क्लब की कल्चरल सेक्रेटरी कुसुम मिश्रा, सांस्कृतिक चिंतक सावित्री अग्रवाल, शिक्षक अभिषेक ज्ञानार्थी, चंबल परिवार से स्वेच्छा दीक्षित और शिक्षक प्रमोद कुमार कुशवाहा शामिल हैं। प्रतियोगिता 3 सितंबर को प्रातः दस बजे शुरू होगी। रंगोली और पेंटिंग का विषय 'प्यारा चंबल' है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के जूनियर और सीनियर छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा फिल्मों का प्रदर्शन और संवाद दोनों दिन जारी रहेगा। इस दौरान चंबल घाटी के विभिन्न पहलुओं को समेटे फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। चार सितंबर को प्रातः 11 बजे से फिल्म मेकिंग वर्कशाप शुरू होगी। जिसमें चंबल के युवा सिनेमा निर्माण के साथ यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के वीडियों एवं फोटोग्राफी की बारीकियां सीख सकेंगे। चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक दस्तावेजी फिल्मकार डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि इस बार जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, ताइवान, नीदरलैंड, डेनमार्क, मैक्सिको, यूनाइटेड किंगडम, तुर्की, कोरिया, कोलंबिया, एस्टोनिया और भारत से फिल्मकारों ने करीब 211 ने फिल्में समारोह के लिए भेजी थीं। इनमें से चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के चार ज्यूरी सदस्यों ने फीचर फिल्मों, शार्ट फिल्मों, डाक्यूमेंट्री फिल्मों, वीडियो म्यूजिक, वेब सीरीज की अलग- अलग श्रेणी में फेस्टिवल के लिए चयन किया है। दो दिवसीय फिल्म समारोह के दौरान इन चुनिंदा फिल्मों को सिनेमाप्रेमी देख सकेंगे। चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी में अभिनेत्री, मॉडल मान्या पाठक, अल्बानिया से फिल्म निर्देशक, लेखक और व्याख्याता वाल्मीर टर्टिनी, अजरबैजान निवासी चर्चित लेखक, फिल्म निर्माता और निर्देशक जलालुद्दीन गासिमोव और सिनेमा के चर्चित अध्येयता, फिल्म निर्देशक ज्यूरी चेयरमैन प्रोफेसर मोहन दास शामिल हैं। उद्घाटन समारोह तीन सितंबर को सुबह 11 बजे शुरू होगा जिसमें चंबल संभाग के पुरात्व अधिकारी डॉ. अशोक शर्मा, पर्यटन विशेषज्ञ और पूर्व कुलपति प्रोफेसर मनोज दीक्षित, जिलाधिकारी इटावा अवनीश राय, दस्तावेजी छायाकार सुनील दत्ता, सिनेमेटोग्राफर शारिक हैदर नकवी, नगरपालिका परिषद इटावा अध्यक्ष नौशाबा फुरकान, फिल्म निर्देशक उमेश गोन्हजे संबोधित करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पंचायती राज राजकीय महिला पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. श्यामपाल सिंह और संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रमाकांत राय करेंगे। समापन समारोह में फेस्टिवल ज्यूरी चेयरमैन फिल्म निर्देशक प्रोफेसर मोहन दास, अभिनेत्री, मॉडल मान्या पाठक, इंटरनेशनल मीडिया ग्रुप आईसीएन के एडिटर इन चीफ प्रोफेसर (डॉ.) शाह अयाज सिद्दीकी, सेलिब्रेटी डिजाइनर मुमताज खान, माइक्रो फाइनेंस एक्सपर्ट सिद्धार्थ अमर रस्तोगी, टीवी सीरियल समीक्षक कौसर खान अतिथि होंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरदेव तिवारी और संचालन फिल्म समीक्षक डॉ. जितेन्द्र विसारिया करेंगे। इसी दौरान समारोह में प्रदर्शित की गई फिल्मों के फिल्मकारों का सम्मान किया जाएगा।

K ASIF CHAMBAL
INTERNATIONAL FILM FESTIVAL

## रावणा राजपूत समाज का राष्ट्रीय महासम्मेलन 23 सितंबर को जोधपुर में

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान भारत के बैनर तले रावणा राजपूत समाज का राष्ट्रीय महासम्मेलन जोधपुर में आगामी 23 सितंबर को आयोजित होगा। 23 सितंबर को इजराइल के हाइफा शहर को मुक्त कराने वाले हाइफा हीरो मेजर दलपतसिंह शेखावत का 104 वां बलिदान दिवस है, प्रथम विश्वयुद्ध में जोधपुर लांसर की तरफ से भारतीय सेना का नेतृत्व करते हुए मेजर दलपतसिंह ने इजराइल के हाइफा शहर को जर्मनी एवम तुर्की सेना से मुक्त कराया था। हाइफा का अमिट इतिहास लिखने वाले मेजर दलपत सिंह को भारतीय सेना के सर्वोच्च पुरस्कार मिलिट्री क्रॉस से नवाजा गया था,तलवारों और भालो से लड़ा गया यह युद्ध अद्वितीय एवम अविस्मरणीय था। राष्ट्रीय महासम्मेलन के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक विजयसिंह पंवार गुलाबपुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रावण का चबूतरा मैदान जोधपुर में होने वाले समाज के इस ऐतिहासिक समागम की सफलता के लिए युवाओं के उत्साह एवं सामाजिक जोश से लबरेज श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह भाटी सूरत निरंतर राजस्थान,बेंगलुरू,कर्नाटका दिल्ली, मुंबई, गुजरात, हैदराबाद,चेन्नई सहित पूरे देशभर के दौरे कर समाज बंधुओं तक पहुँचकर राष्ट्रीय महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं तथा पीले चावल एवम पेम्पलेट देकर निमंत्रण दे रहे हैं।



राष्ट्रीय महासम्मेलन के राष्ट्रीय संयोजक एवं श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रणजीतसिंह सोडाला भी समाज के इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मॉनिटरिंग किए हुए हैं एवं समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में 23 सितम्बर को जोधपुर पहुंचने का आह्वान कर रहे हैं। इस सम्मेलन के राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक बबलूसिंह देवल ने पूरे देशभर में इस महाकुम्भ के प्रचार प्रसार के लिए राष्ट्रीय सोशल मीडिया स्टार प्रचारक नियुक्त किए हैं। पूरे देश भर में स्टार प्रचारक प्रदेश,जिला एवं तहसील स्तर तक घर-घर जाकर समाज बंधुओं को ऐतिहासिक कार्यक्रम की जानकारी प्रदान कर रहे हैं एवं लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। रावणा राजपूत समाज के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम पर भारत एवं विशेषकर राजस्थान की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों की भी विशेष नजर हैं,कार्यक्रम में 2 लाख से अधिक रावणा राजपूत समाज के लोगों के शामिल होने का अनुमान है। महासम्मेलन के आयोजन स्थल जोधपुर के सैंकड़ों स्थानीय समाजबंधु सभी 154 वार्डों में रथ यात्रा निकालकर पीले चावल देकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं, देशभर में समाज बंधु इस कार्यक्रम की सफलता के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उक्त जानकारी गुलाबपुरा के विजय सिंह पंवार ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोजाना खाएं अदरक का 1 टुकड़ा, मिलेंगे अनगिनत फायदे

अदरक एक भारतीय मसाला है जो हर घर में रोजाना इस्तेमाल होता है। इसकी तासीर गर्म होने के कारण इसका अधिकतर सेवन सर्दियों में किया जाता है। इस मौसम में अदरक खाने से खांसी- जुकाम, बलगम जैसी परेशानियों से बचा जा सकता है। अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेटस, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं। आज हम उन्हीं फायदों के बारे में बताएंगे। चलिए जानते है एक टुकड़ा अदरक रोजाना खाने से शरीर को किस प्रकार फायदा मिलता है।

**1. जी मिचलाना**

जी मिचलना और उल्टी की समस्या को रोकने के लिए अदरक औषधि की तरह का काम करता है। 1 चम्मच अदरक के जूस में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसको हर दो घंटे बाद पीएं। जल्द ही राहत मिलेगी।

**2. गठिया दर्द में रहत**

अदरक में एंटी-इन्फ्लॉमेट्री प्रॉपर्टीज होती है जो जोड़ों के दर्द को खत्म करने में सहायक है। अदरक को खाने से या इसका लेप लगाने से भी दर्द खत्म होता है। इसका लेप बनाने के लिए अदरक को अच्छे से पीस लें। उसमें हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को दिन में दो बार लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. मासिक धर्म में फायदेमंद**

कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बहुत दर्द होती है। ऐसे में अदरक



की चाय काफी फायदा पहुंचाती है। इसलिए दिन में 2 बार अदरक की चाय पीएं। इससे दर्द कम होगा।

**4. सर्दी- जुकाम और फ्लू**

सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी छोटी-मोटी समस्या होना आम है। इससे बचने के लिए नियमित रूप से अदरक का सेवन करें। यह शरीर को गर्म रखता है जिससे पसीना अधिक आता है और शरीर गर्म बना रहता है।

**5. माइग्रेन का इलाज**

जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या है उनके लिए अदरक रामबाण है। जब भी माइग्रेन का अटैक आए, तब अदरक की चाय बना कर पीएं। इसको पीने से माइग्रेन में होने वाले दर्द और उल्टी से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**6. दिल को रखता है स्वस्थ**

अदरक कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने, ब्लड प्रेशर को ठीक रखने, खून को जमने से रोकने का काम करता है। इससे दिल संबंधित बीमारियां भी नहीं होती है। इसलिए अपनी डाइट में अदरक को शामिल करें।

**7. पाचन तंत्र मजबूत**

अदरक पेट फूलने, कब्ज, गैस, एसीडिटी जैसी समस्याओं को ठीक रखने में भी सहायक है। जिन लोगों को पेट से संबंधित समस्याएं रहती है वह रोजान सुबह खाली पेट अदरक का सेवन करें।

**8. मोर्निंग सिकनेस**

मोर्निंग सिकनेस की समस्या अधिकतर गर्भवती महिलाओं को होती है। रोजाना सुबह अदरक के 1 टुकड़े को चबा कर खाएं। कुछ दिनों तक अदरक खाने से मोर्निंग सिकनेस की समस्या दूर हो जाएगी।

**9. ऊर्जा करें प्रदान**

सर्दियों में अदरक खाने से शरीर गर्म तो रहता ही है साथ ही उसे एनर्जी भी मिलती है। रोजाना सुबह अदरक वाली चाय पीने से शरीर में चुस्ती- फुर्ती बनी रहेगी।

# लड़कियों को जरूर पता होने चाहिए ब्यूटी हैक्स से जुड़े ये 5 ट्रिक्स

लड़कियां खुद को सुंदर दिखाने के लिए हर तरह की कोशिश करती है। कुछ लड़कियां खूबसूरत दिखने के लिए ब्यूटी पार्लर तो कुछ घरेलू नुस्खों का सहारा लेती है। कई बार ब्यूटी पार्लर या घरेलू नुस्खों के बारे में पता न होने के कारण वो अपनी नुकसान कर बैठती है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ ब्यूटी हैक्स के बारे में बताने जा रहें है जिसे हर लड़की को पता होने चाहिए। इनकी मदद से आप बिना किसी नुकसान के खुद को खूबसूरत बना सकती है। इन आसान ब्यूटी हैक्स से आप खुद को और भी सुंदर दिखा सकती है। तो चलिए जानते है खूबसूरत को बढ़ाने वाले इन ब्यूटी हैक्स के बारे में।



**1. बेकिंग सोडा**

पीले दांत आपके फर्स्ट इंप्रेशन को खराब कर देते है। इससे छुटकारा पाने के लिए 1 चम्मच बेकिंग सोडा में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड की 2-3 बूंदें मिलाएं। रोजाना इसे टूथपेस्ट की तरह इस्तेमाल करने से दातों का पीलापन गायब हो जाएगा।

**2. शहद का फेस पैक**

शहद में मौजूद ऐंटिबैक्टिरियल गुण चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करते है। रोजाना इसे फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाने से आपके दाग-धब्बों और कील-मुंहासों से छुटकारा तो मिलेगा साथ ही इससे यह प्रॉब्लम दोबारा नहीं होगा।

**3. चावल का पानी**

बालों को सॉफ्ट बनाने के लिए आप कई तरह के हेयर प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल करती है। इसकी बजाए आप शैंपू के बाद बालों पर 5 मिनट के लिए चावल का पानी लगाएं। इसके बाद सिर को ठंडे पानी से धोएं। इससे आपके बाल नेचुरल कंडीशन हो जाएंगे।

**4. पेट्रोलियम जेली**

चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाने के लिए आप रोजाना पेट्रोलियम जेली लगाएं। रोजाना चेहरे पर पेट्रोलियम जेली लगाने से आपकी चेहरे की खोई हुई रंगत वापस आ जाएगी।

**5. शेविंग**

लड़कियां अनचाहें बालों से छुटकारा पाने के लिए शेविंग क्रीम का इस्तेमाल करती है, जिसके कारण त्वचा सख्त और रूखी हो जाती है। ऐसे में शेविंग से पहले हेयर कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

इससे बाल सॉफ्ट भी रहेंगे और कोई प्रॉब्लम भी नहीं होगी।

# यूरिन इंफैक्शन को जड़ से खत्म करेंगे ये छोटे-छोटे नुस्खे

यूरिन इंफैक्शन यानी पेशाब करते समय जलन या दर्द होना। यह समस्या स्त्री या पुरूष दोनों को कभी भी हो सकती है। कई बार तो यह समस्या कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है लेकिन बहुत सी बार डॉक्टरों के पास जाने तक की नौबत आ जाती है। हम लोग अक्सर यूरिन इंफैक्शन को अनदेखा कर देते है जो बाद में कई समस्याओं का कारण बनता है। ऐसे आपको चाहिए कि जब भी यूरिन करते समय जलन या दर्द हो तो तुरंत इलाज शुरू कर दें, ताकि बाद में किसी प्रकार की कोई बड़ी बीमारी होने का खतरा टल जाए। आज हम आपको यूरिन इंफैक्शन के कारण, लक्षण और इसके इलाज के लिए कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें आप घर पर ही ट्राई करके देख सकते है।

**यूरिन में जलन के कारण**

मूत्र मार्ग में संक्रमण या ब्लैडर में सूजन
किडनी में पथरी होना
शरीर में पानी की कमी
लीवर प्रॉब्लम होना
रीढ़ की हड्डी में चोट लगना
शुगर की बीमारी होना

**यूरिन में जलन के लक्षण**

यूरिन से स्मैल आना
ब्लैडर में दर्द रहना
बार-बार यूरिन आना
यूरिन का रंग पीला हो जाना
बूंद-बूंद पेशाब आना
पेट और मूत्र मार्ग में जलन

चलिए आपको बताते है पेशाब करते समय जलन और दर्द के कुछ घरेलू इलाजः-

**1. अधिक पानी पीना**

अगर यूरिन लग कर आ रहा है तो हर एक घंटे में पानी का गिलास पीएं। इससे ब्लैडर में जमा हुए बैक्टीरिया बाहर निकल जाएगे और शरीर में पानी की कमी भी नहीं होगी।

**2. सिट्रिक एसिड युक्त फल**

जिन फलों और सब्जियों में सिट्रिक एसिड की मात्रा अधिक होती है, उनका सेवन करें। यह एसिड यूरिन इंफैक्शन बनाने वाले बैक्टीरिया को खत्म कर देता है। ऐसे में खट्टे फल यानी नींबू, मौसमी अन्य आदि का सेवन करें।

**3. नारियल पानी पीएं**

नारियल पानी पीने से भी यूरिन के दौरान होने वाली जलन कम हो सकती है। साथ ही रोजाना नारियल पानी पीने से शरीर को पानी और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मिलते है।

**4. चावल का पानी**

आधा गिलास चावल के पानी में चीनी मिलाकर पीने से यूरिन में होने वाली जन कम हो सकती है।

**5. बादाम और इलायची**

बादाम की 5 गिरी में 7 छोटी इलायची और मिसरी डालकर पीस लें। फिर इसे पानी में घोलकर पीएं। इससे दर्द और जलन कम होती है।

**यूरिन इंफैक्शन के आयुर्वेदिक उपचार**

**1. आंवला और इलायची**

आंवले का चूर्ण में इलायची मिलाकर पानी के साथ पीएं। इससे यूरिन की जलन कम होगी।

**2. बेकिंग सोडा और पानी**

अगर यूरिन इंफैक्शन के दौरान बार-बार पेशाब आए तो 1 गिलास पानी में 1 चम्मच सोडा मिलाकर पीएं। इससे एसिडिटी और जलन की समस्या कम होगी।

**3. गेहूं और मिसरी**

रात को सोने से पहले 1 मुट्ठी गेंहू को पानी में भिगोएं और सुबह उसी पानी को छान लें। फिर उसमें मिसरी मिलाकर खाएं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# करोड़ो की मालकिन हैं सोनाक्षी सिन्हा

**बॉलीवुड** में अपने बिंदास अंदाज और अपने बेबाक बयान के लिए जानी जाने वाली सोनाक्षी सिन्हा एक बार फिर सुर्खियों में आ गयी हैं। दरअसल एक्ट्रेस बॉलीवुड के चुनिंदा फिल्मों से ही अपनी एक अलग पहचान और अपने फैंस के दिलों में जगह बना चुकी हैं। दबंग सीरीज, राउडी राठौड़ और बुलेट राजा जैसी बेहतरीन फिल्मों से अभिनेत्री ने लोगों के खूब दिल जीते हैं। लेकिन क्या आपको पता हैं की सोनाक्षी कितने करोड़ की मालकिन हैं? दरअसल सोनाक्षी सिन्हा अपनी हर फिल्म के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये फीस के तौर पर वसूलती हैं। इसके अलावा उनकी विज्ञापनों से बेहतरनीन आमदनी होती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी सिन्हा की टोटल नेटवर्थ 74 करोड़ रुपये के करीब बताई जाती है। सोनाक्षी के फैन फोल्लोविंग भी काफी ज्यादा हैं। उनके फैंस सोनाक्षी की सिर्फ एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। वही सोनाक्षी सिन्हा के पास मुंबई में खुद का लग्जरी घर है। अपने इस घर को उन्होंने साल 2013 में खरीदा था। सोनाक्षी ने अपने घर में अपनी जरूरत की हर चीज को शामिल किया है। और ये कहना गलत नहीं होगा की सोनाक्षी अपने इस घर में महारानियों वाली जिन्दगी जीती हैं। साथ ही बताया जाता है कि उनके इस घर की कीमत 11.3 करोड़ रुपये है। इस घर के अलावा भी सोनाक्षी के पास मुंबई और दूसरे शहरों में कई प्रॉपर्टीज हैं। इसके साथ ही क्या आपको पता हैं की सोनाक्षी को गाड़ियों का भी खूब शौख हैं, और यही कारन हैं एक्ट्रेस के पास हर ब्रांड की गाडी हैं। सोनाक्षी सिन्हा के पास बीएमडब्ल्यब, रेंज रोवर, मिनी कूपर और मर्सिडीज के साथ ऑडी जैसे कीमती ब्रांड की गाड़ियां भी मौजूद हैं।



# क्या शहनाज गिल फिर बनेंगी बिग बॉस का हिस्सा?

**शहनाज** गिल बिग बॉस के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। इस शो में अपनी क्यूटनेस से शहनाज ने सभी का दिल जीत लिया है। जब भी वो कही नजर आती है फैंस पागल हो जाते है। साथ ही शहनाज के इम्प्रूव्ड वर्जन को देखकर हर कोई इम्प्रेस हो गया है। जिसके बाद शहनाज को लगातार काम के ऑफर आ रहे है। वो इस वक्त काफी बिजी है। उनके हाथ में बैक टू बैक कई प्रोजेक्ट्स है। वही अब शहनाज को लेकर एक और खबर सामने आ रही है। आपको बता दे, बिग बॉस के दौरान सलमान खान के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग नजर आई थी। जो शो के बाद भी बरकरार है। इस बीच एक्ट्रेस से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है। खबरों की माने तो शहनाज गिल सलमान खान के साथ 'बिग बॉस 16' होस्ट करती दिख सकती हैं। 'बिग बॉस' से जुड़ी ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक शो 1 अक्टूबर से शुरू होगा और शहनाज गिल होस्ट सलमान खान के साथ शो के प्रीमियर एपिसोड में नजर आएंगी। हालांकि अब तक ये खबर कन्फर्म नहीं हुई है, लेकिन खबरें आ रही हैं कि शहनाज सिर्फ प्रीमियर एपिसोड में ही सलमान के साथ स्टेज पर होंगी। इस साल के कंटेस्टेंट्स की बात करें तो अभी तक किसी का नाम सामने नहीं आया है। शो के मेकर्स इस बार खासतौर पर सावधानी बरत रहे हैं।



# मैं पिछले 1 साल से सिंगल हूं: कार्तिक

**बॉलीवुड** एक्टर कार्तिक आर्यन ने हाल ही में फिल्म कम्पैनियन को दिए एक इंटरव्यू में अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में खुलासा किया। कार्तिक अक्सर एक्ट्रेस सारा अली खान संग ब्रेकअप की खबरों की वजह से चर्चा में रहते हैं। लेकिन पहली बार उन्होंने अपनी लव लाइफ के बारे में बात की है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वो अब सिंगल हैं। कार्तिक ने कहा, मैं पिछले सवा साल से सिंगल हूं। बाकी मुझे कुछ नहीं पता। इस पर उनसे कहा गया कि वो टाइमलाइन को लेकर काफी स्पेसिफिक हैं, तो वो शरमा गए और कहने लगे कि वो पिछले 1 साल से सिंगल हैं। इसके बाद कार्तिक से पूछा गया कि क्या वो आगे भी यही कहेंगे कि उनका काम ही उनकी रिलेशनशिप है। इसके जवाब में उन्होंने कहा, नहीं ऐसा नहीं है, लेकिन मैं सिंगल हूं। बस इतनी सी ही बात है। सारा ने कुछ साल पहले कॉफी विद करण में अपने पिता सैफ अली खान के सामने कहा था कि उन्हें कार्तिक पर क्रश है। साथ ही सारा ने कार्तिक को डेट करने की इच्छा भी जताई थी। ऐसे में जब दोनों ने 'लव आज कल 2' में साथ काम किया तो इनके अफेयर को लेकर अफवाहें जोर पकड़ने लगीं। हालांकि, फिल्म की रिलीज के बाद दोनों के अफेयर की खबरें भी हवा हो गईं। खबरें तो यहां तक आईं कि कार्तिक ने सारा को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो भी कर दिया है।

